कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी

उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग के माननीय मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही जी ने कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी का भ्रमण किया| केन्द्र के अध्यक्ष श्री अमिताभ गर्ग जी ने माननीय मंत्री जी को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए स्वागत किया| इस दौरान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ अजय कुमार ने केन्द्र द्वारा विगत 10 वर्षो में किये गए कार्यो की प्रगति स्लाइड के माध्यम से प्रस्तुत किया| जिसमे उन्होंने नयी फसल पद्धति; ऊसर भूमि हेतु धान एवं गेंहू की प्रजातिके बारे में; बीज उत्पादन; केला की खेती; अन्तः सस्यन खेती; अमरूद में उकठा रोग प्रबंधन; ड्रैगन फ्रूट की खेती; मृदा स्वास्थ्य कार्ड का प्रभाव; मिलेट्स(श्री अन्न) की खेती एवं प्राकृतिक खेती के प्रगति को विस्तार पूर्वक माननीय मंत्री जी को अवगत कराया| केवीके द्वारा बनाये गए महिला समूह के सदस्यों से माननीय मंत्री जी ने उनके कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की| उसके बाद माननीय मंत्री जी ने एस.सी.एस.पी. योजना के अंतर्गत कृषको को सरसों के बीज तथा निवेश का वितरण किया| माननीय मंत्री जी ने केवीके में स्थापित सजीव प्रदर्शन इकाई यथा बकरी यूनिट, बीज विधायन संयंत्र, क्राप कैफेटेरिया, श्री अन्न की खेती, नर्सरी यूनिट तथा कृषक भवन का अवलोकन किया तथा केवीके के कार्यो की सराहना की| इस दौरान केन्द्रीय विद्यालय मनौरी से पी.एम्. श्री स्कूल योजना के अंतर्गत आये हुए विद्यार्थियों से भी संवाद किया तथा उनको कृषि से सम्बंधित जागरुक किया| कार्यक्रम के अंत में माननीय मंत्री जी ने केन्द्र के प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया| इस दौरान केन्द्र के सभी स्टाफ, आस-पास के गाँव के किसान बन्धु तथा केन्द्रीय विद्यालय मनौरी के विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे|